01.11.2021

पत्रावली आज प्रशासन गावों के संग 2021 अभियान शिविर मुकाम तस्वारिया बांसा में पेश हुई। वादीगण स्वयं उपस्थित। विपक्षी राज्य पक्ष तहसीलदार फुलियाकलां की और से पैरोकार उपस्थित। वादपत्र के अन्तिम निपटारे के लिए वादी ने वादपत्र स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया।

शिविर में मौजूद ग्रामवासियों ने विपक्षी क्रम 01 श्री भगवान पिता छोगा बलाई के विगत 10 वर्षो से लापता होना अवगत कराया एवं संलग्न ग्राम पंचायत तस्वारिया बांसा की रिर्पोट से भी श्री भगवान बलाई के लापता होनें की ताईद होती है। प्रकरण का अधो–पांत अवलोकन करने से तथा वादीगण द्वारा प्रस्तुत वादपत्र की ताईद मे प्रस्तुत शपथपत्र, एंव वादपत्र के समर्थन मे प्रस्तुत राजस्व आधार अभिलेखो एवं कलमबद्ध बयानों के अध्ययन से अभिलेखो पर मनन करने के पश्चात वादी का वादपत्र बहक वादी विरूद्ध प्रतिवादी के स्वीकार किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है।

वादी का वादपत्र विरूद्ध विपक्षीगण स्वीकार करते हुए, अन्तिम डिक्री पृथक से लिखवायी जाकर, सरे ईजलास सुनाई गयी।

पत्रावली नम्बर से कम की जाकर फैसल शुमार हो।

सहायक कलक्टर एवं
उप खण्ड अधिकारी
फुलिया कलां (भीम.)